**विधान परिषद् के प्रथम सत्र-2024 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 10 (क) क्या जल शक्ति मंत्री बतायेंगे कि प्रश्न कर्ता का पत्र दिनांक 06 दिसम्बर, 2022 जो ग्राम सभा-समुखा, विकास खण्ड-माधौगंज, जनपद-हरदोई में पेयजल की समस्या के निदान हेतु जल जीवन मिशन के अन्तर्गत शीघ्र हर घर नल जल व्यवस्था के अन्तर्गत पानी की टंकी का निर्माण कराकर विद्यालय, चिकित्सालय, देव स्थान सहित प्रत्येक घर में पाइप लाइन बिछाकर गांव में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में जल शक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को भेजकर प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति कराये जाने विषयक था प्राप्त हुआ है ? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या स्वच्छ पेयजल आपूर्ति कराये जाने हेतु जल मिशन के अन्तर्गत उक्त ग्राम सभा का चयन जनपद-स्तर से कराते हुए उक्त ग्राम सभा में पेयजल आपूर्ति हेतु कितनी धनराशि कब स्वीकृत की गयी थी ? | जनपद हरदोई की जलिहापुर ग्राम पंचायत समूह पाइप पेयजल योजना में ग्राम पंचायत समुखा को शामिल करते हुये दिनांक 29.10.2021 को राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति से अनुमोदित कराकर रू0 331.60 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी। |
| (ग) क्या धनराशि स्वीकृत होने के पश्चात् लगभग 10 माह व्यतीत हो जाने के उपरान्त अभी तक जलापूर्ति संचालित नहीं की गयी है ? | समुखा ग्राम में 205 एफ0एच0टी0सी0 (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) एवं 5.585 किलोमीटर की प्रस्तावित वितरण प्रणाली के सापेक्ष क्रमश: 172 एफ0एच0टी0सी0 तथा 5.585 किलोमीटर वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण हो चुका है। अवर जलाशय एवं अवशेष एफ0एच0टी0सी0 के कार्य प्रगति पर है। उक्त योजना की टेस्टिंग की कार्यवाही प्रगति पर है। |
| (घ) यदि हाँ, तो क्यों, तथा विलम्ब के लिए उत्तरदायी कौन है? | योजनान्तर्गत दिनांक 27.01.2022 को गठित कवर एग्रीमेन्ट के अनुसार कार्य प्रारम्भ होने की तिथि 27.01.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 31 मार्च, 2024 है। अत: योजना समयान्तर्गत है। |
| (ड.) उत्तरदायित्व निर्धारित कराते हुए कब तक राजकीय आयु0 चिकित्सा, पशुचिकित्सालय, प्राथमिक विद्यालय, देव स्थान शंकर महादेव, सहित सम्पूर्ण ग्राम में जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी ? | योजना समयान्तर्गत है, अत: उत्तरदायित्व निर्धारण का औचित्य नहीं है। ग्राम सभा समुखा के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पशुचिकित्सालय, प्राथमिक विद्यालय एवं देव स्थान शंकर महादेव जी के स्थल पर फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन कराया जा चुका है। टेस्टिंग की कार्यवाही प्रगति पर है। |
| (च) जलापूर्ति संचालित करने हेतु खोदी गई आर0सी0सी0 रोड व डामर रोड को संबंधित संस्था/ ठेकेदार से ठीक कराया जायेगा ? | समुखा ग्राम के अन्तर्गत तोड़ी गयी समस्त सड़कों (खड़ंजा, इण्टरलाकिंग एवं सी0सी0 सड़क) की स्थाई पुनर्स्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। |
| (छ) यदि हाँ, तो कब तक ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**स्वतंत्र देव सिंह**
मंत्री
जल शक्ति,
(सिंचाई एवं जल संसाधन, सिंचाई (यांत्रिक), बाढ़ नियंत्रण, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लघु सिंचाई एवं परती भूमि विकास विभाग)।